प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

19.05 रविवार दिनांक 30.06.2024

मुख्य समाचारः—

1— प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में विश्व पर्यावरण दिवस पर लोगों से अपनी मां के साथ या उनकी स्मृति में एक पेड़ लगाने की अपील की।

2— देशभर में तीन नये आपराधिक कानून कल से लागू हो जाएंगे।

3— उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने नगरीय निकायों में वित्तीय अनुशासन में कसावट लाने आय—व्यय के प्री—ऑडिट के दिए निर्देश।

और

4— मौसम विभाग ने कल उत्तर छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की चेतावनी दी ळें

..............

मन की बात

आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के जरिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव में संविधान और देश की लोकतांत्रिक प्रणालियों में अपना विश्वास दोहराने के लिए देशवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार चौबीस का आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था।

प्रधानमंत्री ने तीस जून को झारखंड में मनाए जाने वाले 'हूल दिवस' के महत्व पर प्रकाश डाला। श्री मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इस वर्ष शुरू किए गए विशेष अभियान– 'एक पेड़ मां के नाम' का उल्लेख किया। उन्होंने लोगों से अपनी मां के साथ या अपनी मां की स्मृति में एक पेड़ लगाने की अपील की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दशक के दौरान भारत में वन क्षेत्र का अभूतपूर्व विस्तार हुआ और अमृत महोत्सव के दौरान देशभर में साठ हजार से ज्यादा अमृत सरोवर भी बनाए गए है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुवैत सरकार ने अपने राष्ट्रीय रेडियो पर हिंदी में एक विशेष कार्यक्रम शुरू किया है। इस पहल के लिए उन्होंने कुवैत सरकार और वहां के लोगों को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी परिवार को भी बधाई दी, क्योंकि आकाशवाणी का संस्कृत बुलेटिन आज अपने प्रसारण के पचास वर्ष पूरे कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने अगले महीने पेरिस में शुरू होने जा रहे ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय दल को शुभकामनाएं दीं। श्री मोदी ने कहा कि एक सप्ताह के बाद पवित्र रथयात्रा शुरू होने जा रही है। उन्होंने कामना की कि महाप्रभु जगन्नाथ की कृपा सभी देशवासियों पर बनी रही। उन्होंने अमरनाथ यात्रा और पंढरपुर वारी का भी उल्लेख किया और इन यात्राओं में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं।

## मन की बात–छत्तीसगढ़

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को देशभर सहित छत्तीसगढ़ में भी सुना गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर के शांति नगर स्थित स्वदेशी भवन पहुंचकर मन की बात कार्यक्रम को सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी मन की बात कार्यक्रम के जरिये नई जानकारियां साझा करते हैं। श्री साय ने मन की बात कार्यक्रम के आज के प्रसारण का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लोगों से पेड़ लगाने की

अपील की है। श्री साय ने प्रदेश की जनता से आग्रह किया कि आप सभी अपने घरों, बाड़ी, खेतों और आसपास एक पेड़ अवश्य लगाएं।

वहीं, कोंडागांव जिले के केशकाल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव शामिल हुए और मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस मौके पर बच्चों का स्वर्ण प्राशन भी कराया गया।

उपमुख्यमंत्री–श्रद्धालु स्वागत

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा में अयोध्या और काशी विश्वनाथ की यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि "यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम अपने प्रदेश के श्रद्धालुओं को श्री रामलला के दर्शन के लिए शासकीय सहायता प्रदान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में श्री रामलला दर्शन योजना संचालित हो रही है और हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करने में भी सफलता मिल रही है। स्वागत कार्यक्रम के अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु माजूद थे। सभी ने उपमुख्यमंत्री के प्रयासों की सराहना की।

गौरतलब है कि बीते छब्बीस जून को कबीरधाम जिले के जनपद पंचायत और नगरीय निकाय क्षेत्र के इकहत्तर श्रद्धालु अयोध्या और काशी विश्वनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए थे।

नगरीय निकाय–प्री–ऑडिट

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने नगरीय निकायों में वित्तीय अनुशासन में कसावट लाने आय–व्यय के प्री–ऑडिट के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पिछली सरकार द्वारा ऑडिट प्रक्रिया बंद किए जाने के कारण ऑडिट से रह गए बीते चार वर्षों की नस्तियों के पोस्ट ऑडिट कराने को कहा है। श्री साव

ने प्रदेश की सभी एक सौ चौरासी नगरीय निकायों के साथ ही नगरीय प्रशासन और विकास विभाग के यांत्रिकी प्रकोष्ठ तथा राज्य शहरी विकास अभिकरण का भी ऑडिट कराने के निर्देश दिए हैं। उपमुख्यमंत्री ने नगरीय निकायों में प्री–अंकेक्षण–सह–आंतरिक अंकेक्षण की प्रक्रिया को फिर से शुरू करने को कहा है।

## कैग–स्वास्थ्य विभाग रिपोर्ट

प्रधान महालेखाकार–कैग की ऑडिट रिपोर्ट की प्राथमिक जांच में छत्तीसगढ़ में पूर्व की कांग्रेस सरकार के दौरान स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य उपकरण खरीदी में छह सौ साठ करोड़ रुपए के घोटाला का मामला सामने आया है। इसे लेकर प्रधान महालेखाकर यशवंत कुमार ने स्वास्थ्य विभाग के अपर प्रमुख सचिव मनोज कुमार पिंगुआ को पत्र लिखा है। महालेखाकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग को लिखे गए पत्र के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने चार से पांच आईएएस अधिकारियों का जांच दल गठित कर दिया है। जल्द ही रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## टी–ट्वेंटी विश्व कप

भारत ने दूसरी बार आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप का खिताब जीत लिया है। बारबाडोस में कल रात खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हरा दिया।

भारत की इस जीत पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भारतीय टीम को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को टीम पर गर्व है। उन्होंने कहा कि यह मैच ऐतिहासिक था।

नारद जयंती समारोह

राजधानी रायपुर के संस्कृति भवन ऑडिटोरियम में नारद जयंती के अवसर पर कल देवऋषि नारद पत्रकारिता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वाले विभिन्न संस्थानों के पत्रकारों का सम्मान किया गया। डॉक्टर अवधेश मिश्र को देवर्षि नारद सम्मान, वरिष्ठ छायाकार भूपेश केशरवानी को स्वर्गीय रमेश नैयर सम्मान और वरिष्ठ पत्रकार भोलाराम सिन्हा को स्वर्गीय बबनप्रसाद मिश्र सम्मान से पुरस्कृत किया गया।

देवऋषि नारद पत्रकारिता सम्मान समारोह के मौके पर भोपाल स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति के.जी. सुरेश, जनसंपर्क विभाग के आयुक्त मयंक श्रीवास्तव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र के प्रचार प्रमुख कैलाश जी, प्रांत के प्रचार प्रमुख संजय तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार शंकर पांडेय, वरिष्ठ पत्रकार और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

मुख्यमंत्री–रानी दुर्गावती

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज भाटापारा के कृषि उपज मंडी परिसर में आदिवासी गोंड समाज मां मांवली महासभा द्वारा आयोजित रानी दुर्गावती बलिदान दिवस समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने आदिवासी समाज के सामाजिक भवन निर्माण के लिए बाईस लाख रूपये और सीसी रोड के लिए पच्चीस लाख रूपये देने की घोषणा की है। साथ ही गुर्रा से जोगीद्वीप मेला स्थल तक सड़क निर्माण के लिए एक करोड़ तीस लाख रूपये देने का भी ऐलान किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के पांच हितग्राहियों को घर की चाबी सौंपी। वहीं, तीन हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, चार हितग्राहियों को जाति प्रमाण–पत्र और समाज के मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान किया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने हर साल पंद्रह नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाने की शुरुआत की है।

दुर्घटना

बिलासपुर जिले के तोरवा थाना क्षेत्र के लालखदान ओवरब्रिज के पास आज दोपहर एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में एक बच्ची की मौत हो गई। वहीं, करीब पच्चीस यात्री घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बस में लगभग चालीस यात्री सवार थे और यह बस बिलासपुर से शिवरीनारायण जा रही थी। इस दौरान लालखदान ओवरब्रिज के पास मोटरसाइकिल सवार को बचाने की कोशिश में बस खंबे से टकराकर पलट गई।

मौसम

मौसम विभाग ने प्रदेश में कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने या गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। वहीं, एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने, आकाशीय बिजली गिरने और उत्तर छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है।

मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी झारखंड और उसके आसपास एक चक्रीय चक्रवाती घेरा बना हुआ है। वहीं, एक द्रोणिका पश्चिम असम से उत्तर ओडिशा तक विस्तारित है। इसके असर से प्रदेश में कुछ स्थानों पर बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है।

संक्षिप्त समाचार

– कल एक जुलाई को 'नेशनल डॉक्टर्स डे' और 'सी.ए. डे' मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने चिकित्सकों और चाटर्ड एकाउंटेंट को अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

– उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा में अयोध्या और काशी विश्वनाथ की यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

– राजनांदगांव जिले के अर्जुनी गांव में निर्माणाधीन भवन की दीवार गिरने से तीन बच्चे घायल हो गए हैं, जिसमें से एक बच्चे को बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है।

– जांजगीर–चांपा के सेमरा गांव में अज्ञात आरोपियों ने चारपहिया वाहन का कांच तोड़कर उसमें रखे करीब पंद्रह किलो चांदी के जेवर पार कर दिए, जिनकी कीमत लगभग तेरह लाख रूपये बताई गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

और

– रायगढ़ जिले के ग्राम जुनवानी में बीती रात एक दंतैल हाथी ने फसलों और मकानों को नुकसान पहुंचाया। वहीं, ग्रामीणों के घरों में रखा लगभग अस्सी किलो चावल खा गया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>